# प्रैस नोट

हरियाणा राज्य परिवहन प्रदेश में यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं समयबद्ध परिवहन सुविधा प्रदान करने हेतू कटिबद्ध है। हरियाणा राज्य परिवहन अपने 24 डिपो और 13 सब डिपुओं से लगभग 4000 बसों का संचालन करते हुए प्रतिदिन लगभग 11.00 लाख कि०मी० दूरी तय करता है और प्रतिदिन लगभग 07 लाख यात्रियों को बस सुविधा प्रदान करता है। प्रदेश की जनता को सुरक्षित एवं सुलभ यात्रा प्रदान करवाने के साथ–2 सामाजिक दायित्वों को पूर्ण करना और सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को दी जा रहीं सुविधाएं ठीक ढंग से उपलब्ध करवाना भी हरियाणा राज्य परिवहन का उद्देश्य है।

सरकार द्वारा हरियाणा के सभी जिलों पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, कैथल, हिसार, भिवानी, फतेहाबाद, सिरसा, पलवल, महेन्द्रगढ (नारनौल), रेवाडी, नूंह, जीन्द, चरखी दादरी, रोहतक व चण्डीगढ में ग्रुप सी के लिए लिखित परीक्षा (सी.ई.टी. ग्रुप सी) का आयोजन दिनांक 26.07.25 व 27.07.25 को निर्धारित किया गया है। प्रदेश सरकार ने इस परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को नजदीकी जिला स्तरीय बस अड्डे से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने व वापिस लाने की जिम्मेवारी परिवहन विभाग को दी है। जिला स्तरीय बस अड्डे से अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने व वापिस लाने की व्यवस्था सम्बन्धित महाप्रबन्धक द्वारा की जाएगी। हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र तक ले जाने व वापिस लाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी तथा महिला अभ्यर्थियों के साथ सहायक के तौर पर एक पारिवारिक सदस्य को भी निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। सरकार द्वारा परीक्षा के प्रातः कालीन सत्र के लिए समय प्रातः 10:00 बजे से 11:45 बजे तथा सांय कालीन सत्र के लिए 15:00 बजे से 16:45 बजे निर्धारित किया गया है। इसलिए राज्य परिवहन हरियाणा द्वारा अभ्यर्थियों को प्रातः कालीन सत्र के लिए 07:30 बजे तक व सांय कालीन सत्र के लिए 12:30 बजे तक परीक्षा केन्द्रों के नजदीकी बस अड्डों पर पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी तथा परीक्षा केन्द्रों के नजदीक (जहां तक सम्भव हो) तक निःशुल्क शट्ल बस सेवा का संचालन भी किया जायेगा ताकि सभी अभ्यर्थी समय पर परीक्षा केन्द्र तक पहुंच सकें। हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा लगभग 9000 साधारण बसें प्रतिदिन इस व्यवस्था के लिए प्रयोग में लाई जाएंगी। अभ्यर्थी परिवहन विभाग द्वारा दिए गए लिंक (https://hartrans.gov.in/advance-booking-for-cet-2025/) पर जाकर अपनी निजी जानकारी, मोबाईल नं0 इत्यादि भरने के पश्चात् अपने परीक्षा स्थल पर जाने व वापस आने के लिए अग्रिम सीट बुक करवा सकते हैं।

इसके साथ ही अन्य जनसाधारण को भी यह अवगत करवाया जाता है कि दिनांक 26.07.2025 तथा 27.07.2025 को सी.ई.टी परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बसें देने के पश्चात् आम जन के लिए परिवहन सुविधा हेतू कम बसे उपलब्ध हो पाएंगी, इसलिए जनसाधारण से अपील है कि इन दिनों मे किसी विशेष अथवा अति आवश्यक कार्य के लिए ही यात्रा के लिए निकलें।